हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 अप्रैल 2024

11 युवाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए...



12 कार्यकर्ताओं की मेहनत करेगी 400 पार के नारे ...



## खबर संक्षेप



### दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में यज्ञ कल से

**भिवानी।** मिनी बाईपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। आश्रम की प्रबंधक उर्मिला सुरेश सैनी ने बताया कि समारोह में सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज का सान्निध्य रहेगा। उन्होंने बताया प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 9 से 17 अप्रैल तक यज्ञ का आयोजन होगा।



भिवानी। भट्ठी पूजन करते श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी।

### शंकर गिरी की पुण्यतिथि पर भंडारा 12 को

**भिवानी।** सिद्ध बाबा शंकर गिरी महाराज की सप्तम पुण्यतिथि पर 12 अप्रैल को सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में भंडारा आयोजित किया जाएगा। भंडारे में देशभर से साधु-संत व श्रद्धालुगण पहुंचेंगे। भंडारे के आयोजन की तैयारियां जोरो पर है तथा भंडारे के लिए प्रसाद बनना रविवार को भट्ठी पूजन के बाद शुरू हुआ। आश्रम के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने बताया कि 12 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में मुख्यतिथि कुंभ मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती पहुंचेंगे। देशभर से साधु-संत भी प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे।

### 14 को मुख्यमंत्री करेंगे रैली को संबोधित

**चरखी दादरी।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने रविवार को जिला पदाधिकारी किसान मोर्चा , और एसी मोर्चा की बैठक ली। पूनिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा के चुनाव के लिए तैयारियां पूरी मजबूती के साथ शुरू कर दी हैं। 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दादरी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों के लिए सुरेंद्र पूनिया ने भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### 792 ग्राम चूरा पोस्त सहित किया गिरफ्तार

**बाढ़ड़ा।** पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि झोझू कलां थाना पुलिस की टीम ने गांव बिरही कलां व मैहड़ा के बीच से व्यक्ति को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उक्त व्यक्ति ये 792 ग्राम चूरा पोस्त बरामद कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चैत्र नवरात्र कल, सुबह 6 बजकर पांच मिनट से शुरू होगा घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

राकेश भटटी ▶▶ भिवानी

नौ अप्रैल मंगलवार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को नए विक्रम संवत 2081 से चैत्र नवरात्रों की शुरूआत होगी। इस साल चैत्र नवरात्रों पर 30 साल के बाद अमृत सिद्धि योग बनने जा रहा है, जो अत्यंत शुभकारी हैं। इस दौरान मां दुर्गा की आराधना करने से सभी कष्ट एवं दुःखों से मुक्ति मिलती है। जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी और हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। चैत्र नवरात्र नौ से शुरू होकर 17 अप्रैल रामनवमी को कन्याओं को भोजन करवाने के साथ संपन्न होंगे। नक्षत्रों में पहला अश्विनी नक्षत्र माना गया है। मंगलवार के दिन अश्विनी नक्षत्र हैं तो ये अमृत सिद्धि योग कहलाता है, इस बार चैत्र नवरात्र पर बन रहा संयोग काफी अद्भुत है। लगभग 30 साल बाद बन रहे योग के संबंध में अथर्ववेद में बताया है कि अश्विनी नक्षत्र के दौरान माता की आराधना करने से मृत्यु तुल्य कष्टों से मुक्ति मिलती है, अश्वनी नक्षत्र नौ अप्रैल को सूर्योदय के दो घंटे बाद प्रारंभ होगा और सुबह 7:32 बजे से अश्विनी नक्षत्र शुरू हो जाएगा।

### घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

चैत्र नवरात्रों में मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी और हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। घोड़े पर सवार होकर माता रानी का आगमन शुभ नहीं माना जाता, ये युद्ध एवं प्राकृतिक आपदाओं का संकेत देता है। नौ दिनों तक जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री की पूजा-पाठ में विशेष अनुष्ठान से शुभ फल एवं अनहोनी के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**घटस्थापना का शुभ मुहूर्त :** केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के आचार्य विजय शास्त्री ने बताया कि इस साल चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर पृथ्वी पर आ रही है। माता रानी की नौ दिन अपने भक्तों के बीच रहकर उनकी हर परेशानी दूर करती है। चैत्र नवरात्रि पर नौ अप्रैल मंगलवार को सुबह 6:05 से 10:16 तक घटस्थापना का मुहूर्त रहेगा। वहीं दोपहर 12 बजे से 12:54 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा, जिसमें कलश स्थापना होगी।



### इन राशिफल वालों की खुलेगी लॉटरी

आचार्य विजय शास्त्री ने बताया कि चैत्र नवरात्र मेष राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहेगा, मां दुर्गा की कृपा से जीवन के सभी कष्ट दूर होंगे, सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। वहीं सिंह राशि वालों पर मां दुर्गा मेहरबान रहेंगी। नौकरी में प्रमोशन के चांस बढ़ेंगे। धन-दौलत में वृद्धि व करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। कुंभ राशि में 4 ग्रहों के संयोग बेहद लाभकारी साबित होंगे। आय के नए साधनों से धन लाभ होगा, नए कार्यों की शुरूआत के लिए शुभ समय रहेगा।

**नवरात्र पर पूजन-विधि :** सुबह उठकर स्नान करें, मंदिर साफ करें, माता का गंगाजल से अभिषेक करें, अक्षत, लाल चंदन, चुनरी व लाल पुष्प अर्पित करें। प्रसाद के रूप में फल व मिठाई चढ़ाएं। घर के मंदिर में धूपबत्ती व घी का दीपक जलाएं। दुर्गा सप्तशती एवं चालीसा का पाठ करें, पान के पत्ते पर कपूर रखकर माता की आरती करें तथा अंत में क्षमा प्रार्थना करें। नवरात्रों पर माता रानी की पूजा अर्चना के लिए पूजा सामग्री का विशेष महत्व होता हैं, जिसमें जौ, धूप, फूल, पान, फल, लौंग, दुर्वा, कपूर, अक्षत, सुपारी, कलश, कलावा, नारियल, लाल चुनरी, लाल वस्त्र, इलायची, पान के पत्ते, लाल चंदन, दीपक व श्रृंगार का सामान आदि प्रयोग कर पूजन किया जाता हैं।

### ऐसे होगी माताओं की पूजा



आचार्य विजय शास्त्री ने बताया कि नौ अप्रैल पहले दिन घटस्थापना को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना होगी। 10 को दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, 11 को तीसरे दिन मां चंद्रघण्टा, 12 को चौथे दिन मां कुष्माण्डा, 13 को पांचवें दिन मां स्कंदमाता, 14 को छठे दिन मां कात्यायनी, 15 को सातवें दिन मां कालरात्रि, 16 को आठवें दिन मां महागौरी व 17 अप्रैल को नौवें अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर रामनवमी मनाई जाएगी और कन्याओं को भोजन करवाकर नवरात्रों का समापन होगा।

# एनसीईआरटी की पुस्तकें गायब, निजी पब्लिशरों की बुकों की जबरदस्त बिक्री

## नई किताबें मिल नहीं रही, पुरानी के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चाहे शिक्षा विभाग या प्रशासन कितने भी दावें करें,लेकिन हकीकत कोसों परे हैं। शिक्षा विभाग के सरकारी किताबें या एनसीईआरटी की किताबें लगवाने के बार फरमान जारी किए जाते हो,लेकिन बुक सेलरों व स्कूलों के लिए सभी गौण साबित हो रहे हैं। फिलहाल बाजार में प्राइवेट पब्लिसर की किताबों से बुक डिपो भरे हैं,लेकिन उनके पास एनसीईआरटी की किताबें ही नहीं है। या यूं कहिए कि वे जानबूझकर लोगों को एनसीईआरटी की किताबें नहीं दे रहे है। निजी स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों की किताबों की थमाई गई पर्ची के हिसाब से बुक सेलर किताबों के कई गुणा दाम वसूल रहे है,जबकि एनसीईआरटी की उक्त पुस्तकों के दाम कई गुणा कम है। निजी प्रकाशकों की किताबें थमा कर अभिभावकों की जेब को काटा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों को शिक्षा विभाग किताबें निशुल्क देता है,लेकिन उससे उपर की कक्षाओं के बच्चों के लिए एनसीईआरटी की किताबें लगवाई गई है। वे भी केवल सरकारी स्कूलों में ही लगवाई जा रही है। जब कोई व्यक्ति इन बुक सेलरों पर एनसीईआरटी की किताबें लेने के लिए पहुंचते है तो उनको पीछे से किताबों का स्टॉक न आने का बहाना बनाकर टाल दिया जाता है। वे किताबों को देने के लिए दुकान के अंदर तक नहीं झांकते।





भिवानी। रविवार के दिन भी बुक सेलरों पर लगी भीड़ का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

■ निजी स्कूल संचालकों द्वारा थमाई गई पर्ची के हिसाब से बुक सेलर कई गुणा दाम वसूल रहे

जिसकी वजह से एनसीईआरटी की किताबें पढने वाले बच्चों को वापस आना पड़ रहा है। यह स्थिति किसी एक दुकान की नहीं बल्कि शहर व कस्बों स्थित अनेक बुक शॉप पर यही स्थिति बनी हुई है। यही नहीं कि अगर किसी बच्चे को पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक की किताबों की जरूरत पड़ जाए तो बुक सेलरों के पास उक्त किताबें भी नहीं मिलेगी। उनको भी यही कहा जाता है कि किताबों की आगे से डिलीवरी नहीं आई है।

### किताबें निर्धारित दुकानों पर

सरकार व शिक्षा विभाग निजी प्रकाशकों की पुस्तकों पर बंदिश लगाने के लिए चाहे कितने भी इंतजाम कर ले,लेकिन सभी दावे व अभियान बौने साबित हो रहे है। क्योंकि निजी स्कूल संचालक धड़ल्ले से निजी प्रकाशकों की पुस्तकों की बच्चों को पर्ची थमा रहे है। जिस वक्त बच्चा निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए जाता है। उसी वक्त उस बच्चे को निजी प्रकाशकों की पुस्तकों की पर्ची थमा दी जाती है। साथ ही निर्धारित दुकान पर ही उक्त किताबें मिलने की बात कही जाती है। अगर गलती से बच्चा किसी दूसरी दुकान पर चला जाए तो उस बच्चे को पर्ची के हिसाब से किताबें नहीं मिल पाएगी। जिस दुकान पर भेजा गया है। उसी दुकान पर किताबें मिल सकेंगी। ऐसे में दुकान संचालक बच्चे से मनमाफिक किताबों की कीमतें वसूलता है। निजी प्रकाशकों की किताबे से एनसीईआरटी की पुस्तकों से कई गुणा महंगी होती है।





फाइल फोटो

### रिश्तेदारी में भी एनसीईआरटी की किताबें नहीं मिल पा रही

बाजार स्थित बुक सेलरों के पास एनसीईआरटी की नई किताबें नहीं मिल पा रही है। बुक सेलरों का तर्क है कि अभी तक उपर या दिल्ली से किताबें नहीं पहुंच पाई है। जब मार्केट में किताबें पहुंच जाएंगी। तब उनकी बिक्री शुरू हो जाएगी,जबकि पुरानी किताबें भी बच्चों को मिल नहीं रही है। जो बच्चे पहले वाली क्लास से पास होकर अगली क्लास में पहुंच गए। उन बच्चों की किताबें या तो स्कूल में जमा करवा ली है या फिर किसी दूसरे बच्चे ने ले ली है। हालात ये बने है कि अब बच्चों को रिश्तेदारी में भी एनसीईआरटी की किताबें नहीं मिल पा रही है,जबकि पहली अप्रैल से सभी स्कूलों में सत्र शुरू हो चुका है। अगर किताबें लेट आई तो बच्चे किस तरह से सिलेबस पूरा कर पाएंगे।

दंपति सहित चार के जहर निगलने का मामल

### उपचार के दौरान पुत्र व पुत्री ने भी अस्पताल में तोड़ दिया दम

**भिवानी।** रविवार को गांव मिताथल निवासी धर्मबीर का पुत्र व पुत्री ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। धर्मबीर व उसकी पत्नी सुशीला की शनिवार को ही मौत हो गई थी। विगत में जिस दम्पति ने परिवार सहित जहर निगला था। उन सभी की मौत हो चुकी है। पुलिस चिकित्सकों की सूचना पर हिसार के अस्पताल पहुंची और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

उल्लेखनीय है कि विगत में गांव मिताथल निवासी धर्मबीर व उसकी पत्नी सुशीला तथा 15 व 17 वर्षीय बेटी ने सचिवालय परिसर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिनको गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल करवाया गया,लेकिन हालत खराब होने की वजह से चिकित्सकों ने सभी को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### गांव बड़वा में किसान संगोष्ठी का आयोजन 10 को किया जाएगा

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देश पर सिवानी क्षेत्र के गांव बड़वा में 10 अप्रैल को डालमिया धर्मशाला में गन्ने की फसल की अधिक पैदावार तथा बाजार तक की जानकारी देने के लिए किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस किसान संगोष्ठी में शुगर मिल के अधिकारीए गन्ने की फसल के विषय विशेषज्ञ किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी देंगे।

एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को गांव बड़वा की डालमिया धर्मशाला में आसपास गावों के किसानों को गन्ने की फसल की अधिक पैदावार के लिए बिजाई से लेकर बाजार तक की जानकारी के लिए किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस दौरान शुगर मिल के अधिकारी, गन्ने की फसल के विषय विशेषज्ञ , कृषि विभाग के अधिकारी, गन्ना फसल के विशेषज्ञ वैज्ञानिक किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने गन्ने की फसल के इच्छुक किसानों से अनुरोध किया है कि वे इस किसान संगोष्ठी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर गन्ने की फसल की जानकारी हासिल करें।

# खरक में ग्रामीणों को दिलवाई मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

खरककलां के प्ले स्कूल के अंतर्गत रेडीनेस मेले का आयोजन किया। मेले में आंगनबाड़ी वर्कर्स ने प्ले स्कूल में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यतिथि के रूप में सुपरवाइजर अनीता ने शिरकत कर बच्चों के शारीरिक विकास, सामाजिक, भावनात्मक विकास, भाषा विकास और गणित विकास आदि गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्ले स्कूल के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना लिखना सिखाया जाएगा। रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के प्रति भी जागरूक किया। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अनीता ने



अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्ले स्कूल में अवश्य भेजे तथा स्वयं भी अपने बच्चों के विकास तथा उनके पोषण में सहायक बने। मतदाताओं को मताधिकार एवं अधिकाधिक मतदान करने का संदेश देते हुए सुरपवाइजर ने कहा कि मतदान एक पर्व के समान है, इसमें सभी को जरूर हिस्सा लेना चाहिए।

### वैश्य कॉलेज का दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय भिवानी का दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज महाविद्यालय परिसर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी,सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं खेल विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति अशोक कुमार होंगे। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. एसके गक्खड़ करेंगे।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट, के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ,वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ.पवन बुवानी वाला महासचिव सुरेश गुप्ता,कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ व अन्य ट्रस्टीगण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में महाविद्यालय के पूर्व छात्र,अधिकारीगण एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# मंत्री ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

प्रदेश के वित्त योजना व शहरी सीएलयू मंत्री जयप्रकाश दलाल ने रविवार को बाढड़ा अनाज मंडी का दौरा करते हुए फसलों की आवक तथा खरीद का जायजा लिया। उन्होंने किसानों तथा आढ़तियों से भी सीधी बातचीत करते हुए उनकी मांगों व समस्याओं की सुनवाई की जिनके समाधान के लिए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा.निर्देश दिए।

कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने मंडी में सरसों की ढेरियों पर जाकर जायजा लेते हुए आद्रता भी नपवाई। उन्होंने गेट पास तथा अन्य

■ किसानों तथा आढ़तियों से बातचीत की और समस्याएं सुनीं

सुविधाओं के विषय में भी पड़ताल की। उन्होंने आढ़तियों की भी बैठक लीए जिसमें उन्होंने फसल की आवक तथा खरीद और उठान के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को भरोसा दिया कि उनकी फसल का एक.एक दाना खरीदा जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवाया है उनके एक एक दाने की खरीद करने व पालेए बेमौसमी बरसात से हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। कृषि विभाग के इस पोर्टल को छह बार खोला गया है ताकि एक भी किसान वंचित न रहने पाएं। यह बेहतरीन योजना हैए जिसके माध्यम से किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से हजारों करोड़ रुपया दिया जा चुका है। किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहकर योजना का लाभ उठायें। आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष हनुमान शर्मा ने उनको मंडी की लंबित समस्याओं से अवगत करवाया जिस पर चुनाव आचार संहिता के दौरान नियमों का हवाला देते हुए वित्त मंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस बार गत वर्ष की तुलना में गेहूं की आवक अधिक होगी। इसके लिए मंडियां तैयार हैं।

## मानहेरू,गौरीपुर तथा कितलाना पहुंचे आयुक्त

# आयुक्त ने खेतों में जाकर नुकसान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने रविवार को गांव मानहेरू,गौरीपुर तथा कितलाना के खेतों में जाकर ओलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसलों में हुए नुकसान का मौका निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम हरबीर सिंह, नायब तहसीलदार अंकित भी मौजूद रहें। इस मौके पर किसानों ने आयुक्त को बताया कि गेहूं की बजाय सरसों की फसल में ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान हुआ है।

इस पर आयुक्त ने किसानों से कहा





भिवानी। ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का जायजा लेते और सजरे से फसलों की गिरदावरी का मिलान करते आयुक्त।

कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें, सभी किसानो के खेतों में जाकर पटवारियों द्वारा सही गिरदावरी की है और किसानो को सरसो व गेंहू फसल में हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाएगा।

उन्होंने संबंधित गांवों के राजस्व विभाग के अधिकारियों व पटवारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों का नुकसान क्षति पूर्ति पोर्टल पर दर्ज नुकसान की सही वेरिफिकेशन करें ताकि किसान को समय पर मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने पटवारियों को निर्देश दिए कि वे टैब पर दर्शाई जा रही जानकारी को भी बारीकी से चेक करें। उन्होंने कहा कि वे सही आकलन करके फसल का वेरिफिकेशन करें। आयुक्त संजीव वर्मा ने राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी रिकार्ड का खेतों में फसलों के साथ मिलान किया और अधिकारियों व पटवारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी खेत के प्रत्येक एकड़ में जाकर फसल खराबे की जांच करें।

# तिगड़ाना में शिविर में 62 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रक्तदान से बढ़कर न तो कोई पुण्य है तथा न ही कोई मानव धर्म। आपात स्थिति में जब अपने रक्त से किसी की जिंदगी बचती है तो उस व्यक्ति की कई पीढ़ियों के भावात्मक आशीर्वाद का पुण्य रक्तदाता को मिलता है, इसी सोच से गांव तिगड़ाना के बाबा परमहंस बिचला मंदिर में श्याम लैबोरेट्री के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक राहुल तंवर ने बताया कि शिविर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा की अगुवाई में किया व योगी विनोदनाथ का सानिध्य रहा।

शतकवीर डुडेजा ने कहा कि रक्त का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है, मानव शरीर का रक्त ही दूसरों में खून की कमी को पूरा कर



भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

किसी का जीवन बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति सिर्फ एक जान नहीं बचाता, बल्कि उससे जुड़े अनेक व्यक्तियों की जिंदगी में खुशी भरता है, इसीलिए प्रत्येक युवा को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर सचिन, धीरज, सुमित, आकाश नंबरदार, विक्की, मनीष कुमार, अनमोल, राकेश, अंकित, विकास आदि मौजूद रहे।

*मैं जानता था कि हर आदमी को अपनी उच्च जाति का अभिमान होता है। उसे वह न तो छिपा पाता है और न ही दबा पाता है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपनी जाति पर अभिमान नहीं करते और जातिगत भेदभाव भी नहीं करते, लेकिन यह सामाजिक विषमता जनमानस में गहरी पैठ बनाए हुए है।*



कहानी | डॉ. रमेशचंद्र

# तेरी औकात मेरी औकात



उन दिनों मैं काम की तलाश में भटक रहा था। मुझे कोई काम नहीं मिल रहा था। हार कर मैंने यह तय कर लिया कि मुझे छोटा मोटा जो भी काम मिल जाएगा, मैं कर लूंगा। भूखों मरने से तो अच्छा है कि कुछ कमाकर भूख मिटाऊं। मैं पढ़ा लिखा नौज़वान था, लेकिन दलित समाज का होने के कारण हर जगह से दुत्कार दिया जाता था। इस कारण ढंग का कहीं भी काम नहीं पाता था। आखिर मुझे एक भले आदमी ने काम दिया। वह काम था मज़दूरी करने का। उसके मकान का काम चल रहा था, इसलिए उसने मिस्त्री के कहने पर काम पर रख लिया। मैं मिस्त्री के अधीन काम करने लगा। उसके कहने पर ईंट तगारी में भर कर लाता और मिस्त्री को दे देता। मिस्त्री उससे दीवार बनाता। कभी कभी सीमेंट और रेती मिला कर ईंट जोड़ने का मसाला भी बनाता। मुझसे जो भी करने को कहा जाता कर देता। मेरा यह काम कुछ दिनों तक चलता रहा।

धीरे-धीरे मैं मिस्त्री का हेल्पर बन गया। फिर जब उस व्यक्ति का मकान बन गया तो मिस्त्री का काम खत्म हो गया और साथ में मेरा भी। मिस्त्री ने मुझे आश्वस्त किया कि कहीं भी उसे काम मिलेगा तो वह उसे बुला लेगा और अपने साथ काम पर रख लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे तो काम करना था कोई भी काम, इसलिए मैं किसी का सामान उठा कर रेलवे स्टेशन ले आता तो किसी का ठेला चलाकर मज़दूरी करता। इस तरह थोड़ा कमाकर अपना पेट भर लेता था, लेकिन इस तरह की छुट्टी मज़दूरी करके अपना पेट अधिक समय तक तो भर नहीं सकता था। मुझे किसी स्थायी काम की तलाश थी।

आखिर खोजबीन करने पर एक आफिस में मुझे झाड़ू लगाने का काम मिल गया तो वही करने लगा। थोड़े दिन तक वह काम करता रहा फिर उस भले आदमी ने अपने घर के काम के लिए रख लिया। उसका बाज़ार से सामान लाना, आटा पिसा कर चक्की से लाना, फिर उसके बच्चे को स्कूल छोड़ने और लाने का काम करता, लेकिन पैसा उतना ही मिलता, जितना कि एक नौकर को या मज़दूर को मिलता है। काम पर रखने वाले भी पहले मेरी जाति और धर्म पूछते तभी काम पर रखते। जैसै ही मेरी जाति का पूछते मैं अपनी दलित जाति बता देता तो वे तुरंत मुझे अपने काम से हटा देते। इस तरह कितनी ही जगह से मुझे निकाल दिया गया।

आखिर बहुत भटकने के बाद एक साहब ने मुझे अपने यहां रख लिया। उनके घर के काम करता और बच्चों को स्कूल ले जाता और स्कूल से घर ले आता था। वे कलेक्टर कार्यालय में काम करते थे। एक दिन मुझसे कोई गलती हो गई तो वे साहब मुझ पर बिगड़ पड़े। अनाप शनाप बुरा भला कहने लगे। यहां तक कि उन्होंने मुझे दलित कह कर मेरा घोर अपमान किया। उनके शब्द थे- 'तेरी औकात.ही क्या है, जो हमसे आंख मिला कर बातें कर सके।'

बात आई गई हो गई। समय बदला और मैं अपनी पढ़ाई की ओर ध्यान देने लगा। मेहनत मज़दूरी करता और रात में पढ़ाई। एक मेहरबान व्यक्ति ने मुझे मार्गदर्शन दिया और मैं ग्रेजुएट हो गया, फिर पोस्ट ग्रेजुएट हो गया। फिर उन्हीं मेहरबान व्यक्ति ने मुझे पीएससी परीक्षा में बैठने और बड़ा अफसर बनने की प्रेरणा दी। मैं प्राणपण से उसमें जुट गया। पीएससी की परीक्षा के साथ साथ मैं यूपीएससी की परीक्षा में बैठा। मेरा चयन हो गया तो उन सज्जन ने मुझे शाबाशी दी और हौसला बढ़ाया। यद्यपि वे उच्च जाति के थे, किंतु उन्होंने कभी मुझे दलित नहीं समझा। उन्होंने अपने सद्व्यवहार से मुझे हर तरह से सहयोग और प्रोत्साहन दिया। बाद में मुझे आईएएस के लिए चयनित कर लिया गया। कलेक्टर के पद पर सिलेक्ट करने के बाद मुझे ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया। अच्छे और बुरे दिन जीवन में आते रहते हैं। मेरे बुरे और अभावों के दिन बीत चुके थे। अब मैं कलेक्टर होकर उसी जिले में पदस्थ हो गया। जहां मैं बहुत पहले एक साहब के यहां काम करता था। मैं यह बात अभी तक भूला नहीं था कि कभी उन्होंने मुझे मेरे दलित होने पर हंसी उड़ाई थी और मेरा अपमान किया था। जिस दिन मुझे कलेक्टर के पद पर ज्वाइन होना था। मैंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को बुलाकर उन सभी का परिचय पूछा। उनमें वह व्यक्ति भी था। वह व्यक्ति मेरे सामने हाथ बांध कर खड़ा था। उसने मुझे देखा तो उसके चेहरे पर विस्मय के भाव थे। सबके साथ उसने भी अपना परिचय दिया था। वह मन ही मन घबरा भी रहा था कि साहब अब पता नहीं उसके साथ क्या करेंगे। अनिष्ट की आशंका से वह डर भी रहा था ऐसा मैंने महसूस किया था। मैं सबको देखने और परिचय लेने के बाद उनको जाने दिया और अपने काम में जुट गया। दूसरे दिन वह व्यक्ति मेरे चैम्बर में आया। प्यून ने मुझे भीतर आकर बोला 'सर, आपसे मिलने के लिए शर्मा बाबूजी आना चाहते हैं!'

मैंने उसकी ओर देख कर पूछा 'कौन शर्मा बाबू..!' तब उसने शर्मा बाबू के बारे में बताया। मैं समझ गया कि यह वही शर्मा बाबू होगा, जिसके यहां मैं नौकर था। मैंने प्यून से कहा 'भेज दो उसको..!'

शर्मा बाबू आया और सीधा मेरे पैरों में झुक गया। मैंने उसे देखा यह वही व्यक्ति था। उसे उठाते हुए मैंने कहा- 'अरे, ये क्या कर रहे हो।'

वह बोला 'सर मुझे क्षमा कर दीजिए। मैंने अपने घमंड में आकर आपको उस समय भला बुरा कह कर अपमानित किया था। मुझे इस बात का बहुत पछतावा हो रहा है। मुझे अब ऐहसास हो गया कि औकात क्या होती है। मुझे क्षमा कर दीजिए सर..!' कह कर वह गिड़गिड़ाने लगा।

मेरे मन में उसके प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने उसे समझाते हुए कहा- 'देखो, उस समय तुमने जो कहा था वह उस समय की बात थी। अब उस बात को भूल जाओ। अपने मन में पछतावे का भाव भूल कर अपने काम पर ध्यान दो। मुझे तुमसे कोई शिकायत नहीं है।'

यह सुन कर शर्मा बाबू के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। वह बोला - 'सर आपने मुझे क्षमा कर दिया। सचमुच आप ग्रेट हैं।'

मैं केवल मुस्कुरा भर दिया। जानता था कि हर आदमी को अपनी उच्च जाति का अभिमान होता है। उसे वह न तो छिपा पाता है और न ही दबा पाता है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपनी जाति पर अभिमान भी नहीं करते और जातिगत भेदभाव भी नहीं करते, लेकिन यह इस सामाजिक विषमता भारतीय जनमानस में बहुत गहरी पैठ बनाए हुए हैं। इसके समाप्त होने में अभी काफी समय लगेगा।

शर्मा बाबू मेरे चैम्बर से चला गया, लेकिन एक प्रश्नचिह्न छोड़ गया कि आदमी की औकात क्या होती है। मैं सोचने लगा यदि उसने उस समय मुझे मेरी औकात नहीं बताई होती तो आज मैं उसको अपनी औकात कैसे बताता..!

*(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

लघुकथा | प्रिया देवांगन 'प्रियू'



## अधूरी ख्वाहिश

मम्मी....मम्मी..... सुनिए न! क्या हुआ मेरी गुड़िया? प्रातःकाल से इतना शोर क्यों मचा रही हो? मिन्नी स्वरबद्ध होकर बोली और आकर पीछे से लिपट गई। अच्छा बताओ क्या बात है? मिन्नी बोली– 'मम्मी मेरे दिमाग में बहुत अच्छा आइडिया आया है, आज के लिए।' ओह! ऐसा आज कुछ खास दिन है क्या? मिन्नी अपनी आँखें बड़ी–बड़ी कर हैरान नज़रों से मम्मी को देखने लगी; तभी किचन में पापा जी भी आ गए और दोनों से पूछने लगे- 'क्या बात है? माँ–बेटी में क्या खुसुर–फुसुर हो रही है भई....!' पापा जी थोड़ा मजाकिया अंदाज में बोले। नहीं... नहीं...ऐसी कोई बात नहीं है पापाजी कह कर मिन्नी किचन से चली गई। पापा जी के ऑफिस जाने के बाद मिन्नी बोली 'क्या मम्मी आप भी न..!' ऐसा बोलते ही शांत बैठ गई। ओहहो! ठीक है बाबा बताओ 'क्या–क्या करना है?' मिन्नी ने अपनी मम्मी को पूरी योजना बताई। मम्मी बहुत खुश हुई और बोली एक बिटिया ही तो होती है, अपने पापा के जीवन में हर छोटा–बड़ा सपना को साकार करने में लगी रहती है और बिल्कुल माँ जैसा ख्याल भी रखती है, भाव–विभोर हो मम्मी की आँखें भर आईं। शाम होते ही पापा जी ऑफिस से घर लौटे, थोड़ी देर बाद मिन्नी पापा जी से बोली- 'पापा जी चलिए न मेरे कमरे में!' क्यों? पापा जी बोले। ऐसे ही....कुछ दिखाना है आपको। अच्छा चलो; मम्मी पापा और मिन्नी तीनों कमरे में गए। कमरे में अंधेरा था। 'बिटिया लाइट तो जलाओ।' 'धैर्य रखिए बाबा....। इतनी भी क्या जल्दी है!' मिन्नी पापा की लाडली जो थी। 'ओके बिटिया...।' लाइट जलाते ही पापा जी विस्मित भाव से देखने लगे। सहसा फूलों की वर्षा होने लगी, छोटे–छोटे लाइट जुगनुओं की तरह चमकने लगे, नीचे धरती पर मखमली घास बिछी थी, कोयल के सुमधुर आवाज की तरह धीमे स्वर में गाना चल रहा था, एक प्यार का नगमा है..! टी–टेबल में बहुत सारी मिठाइयाँ, फल–फूल, केक वगैरह.... वगैरह..? केक कट करते ही मिन्नी पापा जी को एक गिफ्ट पैकिंग आहिस्ता से खोलने के लिए बोली। पापा जी भी मुस्कुराते हुए आहिस्ता–आहिस्ता खोलने लगे। खोलते ही उनकी आँखें नम हो गईं और मिन्नी को गले से लगा लिया। पिता, बेटी को प्यार भरी नजरों से देखने लगे। उन्होंने देखा पापा की एक फेवरेट लैपटॉप उनके सामने रखी हुई है। जिसकी पापा जी को बरसों से अभिलाषा थी। बेटा ये लैपटॉप!! 'ना...ना...पापा जी कुछ न कहिए ये आपके बहुत काम की है, आप दिन–रात, जाग–जाग कर मोबाइल में ही अपनी कविताएं टाइप करते रहते हैं। सो..... मैंने और मम्मी ने सोचा क्यों न पापा जी को सरप्राइज दे दें।' पापा जी बोले 'आज मेरी बेटी इतनी बड़ी हो गई की पापा की ख्वाहिश पूरी कर रही है!' मिन्नी बोली हैप्पी बर्थडे पापा, हैप्पी बर्थ डे माई डियर पापा जी...! तभी कानों में मम्मी की आवाज सुनाई देने लगी। मिन्नी अरी ओ गुड़िया, उठो! बेटा भोर हो गई। कितनी देर तक सोएगी? मिन्नी की आँखें खुलीं, चहुँओर सन्नाटा छाया था। जो कुछ भी हुआ एक स्वप्न था। मिन्नी, मम्मी को गले लगाती हुई अपने पापा को याद कर सिसकियाँ भर–भर कर रोने लगी।

कविता | पूजा गुप्ता



## कुछ छोरियां

कुछ छोरियां...
नीरनिधि से निकली,
अमृत कुंभ होती हैं।
जहां भी छलक जाती हैं..
पुण्यस्थान बना देती हैं।

कुछ छोरियां.....
ब्रह्ममुहूर्त की रक्तिम आभा जैसी।
साथ होती है तो....
नई संभावनाओं को जन्म देती है,
राह को रोशनी कर देती है।

कुछ छोरियां अमरबेल होती है...
आलिंगनबद्ध कर लेती है।
पतझड़ हो या मधुऋतु....
हर पल साथ निभाती है।

कुछ छोरियां....
मधुर संगीत होती है।
छू लेती है मन को,
याद आती है बरसों।

कुछ छोरियां...
अमृत फल होती है।
बिखरा देती है रूप सुगंध...
चंचल कर देती है अंतर्मन।

दोहे | अरुण कुमार कैहरबा



## पर्यावरण के दूत

पर्यावरण की दूत है, जीवन का सम्मान।
गौरैया जो बची रही, इसमें सबका मान।।

प्यारे-प्यारे गीत हैं, चीं-चीं-चीं का गान।
उसके नर्तन पर करे, आंगन भी अभिमान।।

नन्हीं है आकार में, फिर भी बहुत महान।
इसके होने से रहती है पर्यावरण में जान।।

फसल उगाकर खेत में, इतराता इन्सान।
खाकर जिसे गौरया, हो गई लहूलुहान।।

जहर हवा में घुल रहा, हुआ फूहड़ शोर।
कैसे बचेंगे ऐसे में, गौरया और मोर।।

गौरैया जो ना रही, बचेगा नहीं इन्सान।
इन्सां ही कहलाएगा, सबसे बड़ा हैवान।।

आओ पुराने दौर को, फिर से करें साकार।
प्रकृति व पर्यावरण से, सबको ही हो प्यार।।

धरती व आकाश में, पंछी करें किलोल।
गौरैया के गान पर, सब नाचें दिल खोल।।

लघुकथा | गोविन्द भारद्वाज



## गृहस्थी का रथ

दिव्या तुम बड़े परिवार की इकलौती बेटी हो...भला तुम्हारे लिए रिश्ते की कोई कमी होगी...एक से बढ़कर एक रिश्ते आएंगे तेरे लिए।
माँ ने दिव्यांग बेटी को समझाते हुए कहा।
'लेकिन माँ मैं सिर्फ ऐसे लड़के से शादी करूँगी...जो मेरे जैसा ही हो...वो भी दिव्यांग की श्रेणी में आता हो।' दिव्या ने स्पष्ट शब्दों में कहा।
'बेटी! ये क्या कह रही है तू?' मां ने आश्चर्य से पूछा।
'माँ मैं बिल्कुल ठीक कह रही हूँ, अगर मैं और मेरा पति एक जैसे होंगे..तो हम दोनों के बीच अक्षमता को लेकर कोई कुटिल विचार नहीं आएंगे। एक-दूसरे की भावनाओं को समझ सकेंगे।' दिव्या बोली।
तभी पड़ौस के घर से जोर-जोर से आवाजें आने लगी। 'देखो मैंने तुम से शादी करके तुम पर अहसान किया है...तुमने अपनी सूरत आइने में देखी है कभी।' पड़ौसी रोहित अपनी पत्नी पर चिल्लाते हुए कहा रहा था।
'हाँ...हाँ..मैं नहीं हूँ, तुम जितनी सुंदर, लेकिन मेरे बाप ने भी तुम्हें मुंह माँगी रकम दी थी, हरे-हरे नोटों के सामने तुम्हारी खूबसूरती फीकी पड़ गई थी, मेरे सामने।' रोहित की पत्नी ने भी पलट कर जवाब दिया।
दिव्या बोली, 'देख लिया न....अपने पड़ौस का हाल..क्या अब भी तुम।'
'ना मेरी बच्ची...तू जो कह रही है... बिल्कुल ठीक है। गृहस्थी के रथ के दोनों पहिए बराबर होने चाहिए।' माँ ने बेटी को गले लगाते हुए कहा।

कविता | लवली आनंद



## कैसे पी मन भाऊ री

पियर शरीर मोरा लाज से होइहे,
कैसे पी घर जाऊ री.......
देह मिलते सब बिसर गई मन,
देह त्यागें डर लागे री......1

लगी दामन में सौ रंग दाग के
अब कौन जतन से छुड़ाऊं री.....
हे सखी मोरा मन धक-धक होइहे,
कैसे पिया से नयन मिलाऊ री...

काम,क्रोध,लोभ,माया सखी जे होइहें,
फिर कैसे पी मन बस जाऊ री....
सुनु सखी मोरा पिया रुसल होइहें,
अब कौन से राग मैं गाऊँ री.....

सब रंग पटिया शरीर जे होइहें,
तो कृष्ण रंग कैसे मैं जानु री...
जो कृष्ण रंग मैं देखन होइहें,
फिर मोहे कोई और रंग न भायो री.

**युवा पीढ़ी के लिए वही सच है, जो दिखाया जा रहा है। आजकल की युवा पीढ़ी में साहित्य, लोक कला व संगीत में रुचि नहीं है, ऐसा भी नहीं लगता, बल्कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्रदर्शनों की आई बाढ़ से उनमें संयम की कमी नज़र आती है। हमारे पौराणिक ग्रंथों की बातों को यदि रुचिकर माध्यम से युवाओं तक पहुँचाया जाए, तो सुधार की संभावना है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# युवा पीढ़ी की साहित्य और लोक कला में रुचि नहीं : डॉ. डेजी

साहित्य जगत में हरेक लेखक, साहित्यकार, कवि और लोक कलाकार अपनी संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के लिए साहित्य संवर्धन करता आ रहा है। ऐसे ही साहित्यकारों में महिला साहित्यकार डा. डेजी 'मुदिता' ने एक शिक्षाविद् होने के बावजूद काव्य और लोक साहित्य लेखन के माध्यम से सामाजिक जीवन में अनसुलझी पहेलियों और समस्याओं को उजागर किया है। यही नहीं अंग्रेजी भाषा शिक्षण और महिला अध्ययन में उन्हें महारत हासिल है, जिसमें उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधपत्र भी प्रस्तुत हो चुके हैं। भारत-एशिया अध्ययन केंद्र और शिक्षण संस्थान केंद्र में लंबे समय तक सेवारत रही द्विभाषी कवयित्री, लेखिका और अनुवादिका एवं गर्ल्स कॉलेज, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां(सोनीपत) में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. डेजी 'मुदिता' ने अपने लेखन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, उससे जाहिर है कि वह महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित हैं। डेजी का जन्म 28 दिसंबर 1970 को सोनीपत में एक शिक्षित परिवार में धर्मवीर सिंह व श्रीमती शांति देवी के घर में हुआ। उनके पिता सीआरए कॉलेज सोनीपत में रसायन विभागाध्यक्ष और सेवानिवृत्ति से पहले दो साल प्रिंसिपल भी रहे। वहीं उनकी माता भी सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका रही। उनके दादा भी उस जमाने के गणित शिक्षक रहे। शिक्षा जगत में खुद एसोसिसिएट प्रोफेसर डा. डेजी मुदिता तीसरी पीढ़ी है। खास बात ये रही कि उनके परिवार के सदस्य विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। यहां तक कि उनकी बड़ी बहन और बहनोई भी शिक्षक हैं। भाई खेल जगत से बीसीसीआई के साथ जुड़े रहते निजी व्यवसाय में है तो बेटा रैप गायकी व ऑनलाइन स्टार्ट-अप की तैयारी में है, इसलिए उनके परिवार में शिक्षा को सर्वोपरि रखा गया। बकौल डा. डेजी, उनके घर में अखबार और विभिन्न पत्रिकाएं आती थी, जिन्हें पढ़कर उनकी किशोर अवस्था में उपन्यास पढ़ने में रुचि हो गई। कविता का संचार उनके भीतर बचपन से ही था। किशोरावस्था में उनकी मुलाकात सहेली योगिता से हुई, जिनकी एक कविता अखबार में छपी थी, तो उसके मन में भी परिवार से छुपकर कुछ कविताएं लिखी, जिन्हें उसने अपनी सहेली के अलावा किसी अन्य से साझा नहीं की। जब वह नौवीं कक्षा की परीक्षाओं की तैयारी करते हुए जब उनका ध्यान चीटियों पर गया तो वह चंद कविताएं लिखने का उतावली हुई। बारहवीं कक्षा में अध्ययन के दौरान उनकी पहली कविता 'पल भर की आशा' कॉलेज की मैगजीन में छपी। हालांकि उनका असली साहित्यिक सफर तो उसी समय गतिमान हुआ जब वह चालीसवें बंसत में पहुंची। उस समय उनके मित्र व सहकर्मी रवि भूषण ने कहा था कि 'इंसान जिस भी विधा में स्वयं को बेहतर अभिव्यक्त कर सके, उसी में करना चाहिए। साहित्य लेखन के क्षेत्र में उनका पहला काव्य-संकलन 'आस' साल 2009 में प्रकाशित हुआ, उन्होंने कृति की पहली प्रति अपने माता-पिता को को देकर सरप्राइज दिया, जिसे देखकर वे बेहद खुश हुए। इसके बाद 'करवटें मौसम की' और कथा संग्रह 'कटघरे' साल 2017 में पाठकों के समक्ष आए। डा. डेजी का कहना है कि यदि 'साहित्य' को आप केवल प्रकाशित साहित्य की दृष्टि से देखेंगे तो ऐसा साहित्य के प्रति रुचि कम हो रही है, लेकिन इस परिवर्तनशील संसार में आज सत्य पर माध्यम हावी हो चुका है यानी अधिकतर लोग दृश्य-श्रव्य माध्यम से ही जीवन को भी आंकने लगे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

डा. डेजी 'मुदिता' की 14 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। उनकी प्रमुख पुस्तकों में भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण की पुस्तक 'हरियाणा की भाषाएं' नवीनतम कृति है। इसके अलावा उनके काव्य संग्रह–'आस' और 'करवटें मौसम की' के अलावा कथा संग्रह 'कटघरे' भी सुर्खियों में हैं। उन्होंने आधा दर्जन से ज्यादा पुस्तकें अंग्रेजी भाषा में भी लिखी हैं। पिछले दिनों ही हरियाणा की कवयित्रियों की श्रेष्ठ कविताओं एक एक काव्य संकलन 'घूप में चाँदनी' उनकी दस कवितायें प्रकाशित हुई थी।



डॉ. डेजी 'मुदिता'

### पुरस्कार व सम्मान

महिला साहित्यकार एवं कवयित्री डा. डेजी 'मुदिता' को ग्लोबल सोसाइटी ऑफ एजुकेशनल ग्रोथ की ओर से 'भारत शिक्षा रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। शिवयुवा शक्ति संघ के शिक्षक सम्मान के अलावा हरियाणा सरकार भी उन्हें गणतंत्र दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित कर चुकी है। कवयित्री के रूप में महिला काव्य मंच उन्हें काव्यात्मक प्रतिभा सम्मान से भी अलंकृत कर चुकी है। इसके अलावा विभिन्न साहित्य एवं सामाजिक मंच पर भी उन्हें अनेक पुरस्कार पाने का सौभाग्य मिला है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** डॉ. डेजी 'मुदिता'
**जन्मतिथि:** 28 दिसंबर 1970
**जन्म स्थान:** सोनीपत (हरियाणा)
**शिक्षा:** बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), एमए, एम.फिल(ईएली), पीएच.डी।
**संप्रत्ति:** एसोसिएट प्रॉफ़ेसर (अंग्रेजी), स्वतंत्र काव्य व कथा लेखन

# विसंगतियों पर प्रहार संवेदनाओं की पुकार



पुस्तक समीक्षा | आशा खत्री 'लता'

संवेदनाओं की पुकार लघुकविता सँग्रह आशा विजय विभोर का दूसरा लघुकविता संग्रह है जिसमे 103 रचनाएँ संगृहीत हैं। कवयित्री ने प्रस्तुत कविताओं में समाज में, मानवीय व्यवहार में, व्यवस्था में, राजनीति में व्याप्त विसंगतियों पर डटकर कलम चलाई है।

कवयित्री ने जहाँ वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को सराहा है वहीं वे युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृति, बलात्कार, मजदूरों के शोषण, प्रकृति को नष्ट करने, नदियों को प्रदूषित करने, कला के नाम पर नग्नता, मांसाहार, बढ़ती महंगाई, प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, पर्यावरण प्रदूषण व अन्य अनेक सामयिक विषयों पर खुलकर कलम चलाई है।

आशा जी एक संवेदनशील व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्हें मनुष्य का शोषण पीड़ा देता है तो वे पक्षियों की पीड़ा को भी अनुभव और व्यक्त करती हैं। वे मानव के पशु-पक्षियों के प्रति दोगले व्यवहार से कराह उठती हैं। 'गौ सेवा' कविता में उनका तेवर देखिये-

दूध और मक्खन खाकर
मानव का हृदय तृप्त हो जाता
मूत्र तुम्हारा बीमारियों को दूर भगाता
उपलों से तुम्हारे हवन करके
वतावरण शुद्ध हो जाता
खाद से तुम्हारी
पौधों में जीवन आता
फिर भी पंजीकृत बूचड़खानों में
तुम्हारी हत्या से होकर बेपरवाह
स्वांग गौ सेवा का रचा जाता।

आजकल मोबाइल का बोलबाला है। आशा जी ने ऑनलाइन सुविधाओं के साथ-साथ उनके नुकसान की तरफ भी ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। 'संवेदनाओं की पुकार' जिसके शीर्षक को पुस्तक का नाम दिया गया है में कवयित्री माँ की त्याग तपस्या के साथ-साथ बच्चों को माँ द्वारा त्याग दिए जाने की ज्वलंत समस्या पर भी लिखती हैं।

भाषा, सरल, प्रवाहमयी व सहज सम्प्रेषणीय है। आवश्यकतानुसार बात को प्रभावी ढंग से कहने के लिए मुहावरों का प्रयोग जैसे अपना उल्लू सीधा करना, अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना, आँखें बिछाना, आसमान से गिरा खजूर में अटका, दिल बाग-बाग हुआ, भी खूब किया गया है।

आवरण पृष्ठ आकर्षक है। शीर्षक को विषय अनुसार बिलकुल सही लिया गया है। 'अपनी बात' कहते हुए आशा विजय विभोर साथी साहित्यकारों का आभार प्रकट करती हैं। यह उनका बड़प्पन व सहृदयता है।

**पुस्तक : संवेदनाओं की पुकार**
**लेखिका : आशा विजय विभोर**
**मूल्य : 300 रुपये**
**प्रकाशक : आनन्द कला मंच**

# ऋषि च्यवन के जीवन की विशद् व्याख्या



पुस्तक समीक्षा | विदर्भ कुमार

सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' द्वारा रचित महाकाव्य कृति 'च्यवन चरित' के अध्ययन, मनन, और अनुशीलन के उपरांत निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 'च्यवन चरित' कृति महाकाव्य के लक्षणों के आधार पर एक सफल प्रबंध महाकाव्य कृति है। यह भाव सौंदर्य, शिल्प सौष्ठव एवं रचनात्मक अभिप्रेत की दृष्टि से अप्रतिम एवं प्रभविष्णु कृति है।

इसका कथानक बड़ा सरस, रोचक कौतूहलवर्धक एवं सन्देशप्रद है, जो भारतीय वाग्डमय के वैदिक ऋषि च्यवन के जीवन की विशद् व्याख्या की गई है। डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' ने मूल कथा को मनोवैज्ञानिक आधार पर छन्द के माध्यम से बहुत प्रभावशाली तरीके से सरस शैली में चित्रित किया है तथा कथा से पूर्व समर्पण के रूप में माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की है।

डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' की कृति के मुख्य पात्र च्यवन ऋषि है। इसका उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि चारों पुरुषार्थों को दृष्टिगत रखते हुए मानव जीवन में सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् की स्थापना करना है और त्याग के महत्व को प्रतिपादित करना है। इसमें शांत, श्रृंगार व करुण रस की प्रधानता है।

सबसे विशेष बात यह है कि इस पुस्तक का देशकाल और वातावरण कथानुरूप है। भाषा सरल, सुबोध, खड़ी बोली हिंदी है। बीच-बीच में तत्सम व तद्भव शब्दों का समावेश भी हुआ है । शैली सरस, चित्रात्मक और विश्लेषणात्मक है। अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग देखते ही बनता है, विशेष रूप से अनुप्रास, उपमा, रूपक, यमक, दृष्टांत, श्लेष, अतिशयोक्ति, पुनरुक्ति आदि का प्रयोग हुआ है। निष्कर्षतः जीवन में त्याग की उपादेयता को रेखांकित करती प्रबंध महाकाव्य कृति ' च्यवन चरित' भाव सौंदर्य, शिल्प सौष्ठव, शीर्षक, सन्देश, काव्य प्रयोजन, उद्देश्य एवं रचनात्मक अभिप्रेत की दृष्टि से अत्यंत उत्कृष्ट एवं उपादेय है।

यह पठनीय एवं संग्रहणीय काव्य कृति में प्रथम बार च्यवन ऋषि के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को एकाकार रूप में प्रस्तुत किया गया है। सुधीजनों एवं साहित्य जगत में यह अपना उल्लेखनीय स्थान बनाएगी, ऐसा मेरा ध्रुव विश्वास है। लेखक साधुवाद के पात्र हैं। शुभकामनाओं सहित।

**पुस्तक : च्यवन चरित**
**लेखक : डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी**
**मूल्य : 750 रुपये**
**प्रकाशक : शतरंग प्रकाशन**

## खबर संक्षेप



### हनुमान जोहड़ी धाम में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**भिवानी।** हमारा अपना फाउंडेशन द्वारा बालयोगी मंहत चरणदास के सानिध्य में हनुमान जोहड़ी धाम भिवानी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया । इस अवसर पर सचिन जैन संस्थापक हमारा अपना फाउंडेशन, एस के सिंह , आर पी ओला,प्रो. रीना, प्रो. कविता, पार्षद कविता सैनी, रेखा जैन,अनु जैन उपस्थित थे, साथ में आधार कार्ड बनवाने के लिए भी व्यवस्था की गई थी ।



**बाढड़ा।** बाढ़ड़ा पार्टी कार्यालय पर मौजूद आप कार्यकर्ता।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में उपवास

**बाढ़ड़ा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला सचिव राकेश चांदवास की अध्यक्षता में रविवार को बाढ़ड़ा पार्टी कार्यालय के पास बाढडा में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक उपवास किया। वही उपवास पर बैठे लोगों ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा सरकार द्वारा गलत गिरफ्तार करवाया गया है देश की जनता अरविंद केजरीवाल के साथ है और लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार की छुट्टी हो जाएगी। सामूहिक उपवास करके यह भी प्रार्थना की गई कति अरविंद केजरीवाल जल्द छूटेंगे क्योंकि उन्होंने कोई भी भ्रष्टाचार नहीं किया अगर भ्रष्टाचार किया होता तो पैसों की बरामद की होती। एक भी रुपया भ्रष्टाचार का जांच एजेंसी बरामद नहीं कर पाई इससे यह साबित हो रहा है कि अरविंद केजरीवाल को जानबूझकर फंसाया जा रहा है ।

### सतरोल खाप की पंचायत कल उगालन में

**नारनौंद।** सतरोल खाप की पंचायत मंगलवार को गांव उगालन में आयोजित की जाएगी। खाप के प्रवक्ता पार्षद संजय खरब ने जानकारी देते हुए बताया कि सतरोल खाप के उगालन तपे की पंचायत मंगलवार को तपे के प्रधान बलवंत धर्मखेड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी जिसमें खाप के प्रधान दलबीर सिंह भी मौजूद रहेंगे। पंचायत में माजरा प्याऊ पर बनने वाले खाप के चबूतरे के बारे में योजना तैयार की जाएगी।

### इन्वर्टर व बैटरी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने गांव तलवंडी राणा स्थित एक घर से इन्वर्टर व बैटरी चोरी के मामले में गांव के ही अनवर को गिरफ्तार किया है। एएसआई दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपी अनवर ने अपने दो और साथियों के साथ मिलकर तलवंडी राणा निवासी उमेद सिंह के घर से इन्वर्टर और बैटरी चोरी की थी। इस पर उमेद सिंह ने सदर थाना में शिकायत दी थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी अनवर अदालत में पेश किया।

### राजपूत समाज की हो रही अनदेखी : फौगाट

**भिवानी।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला प्रधान कुलदीप फौगाट ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि राजपूत समाज ने हिंदुस्तान के लिए मुगलो, अफगानों, तुर्की, अंग्रेजों से युद्ध लड़े, जिसमें अपने परिवार तक शहीद किए। अगर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप व पृथ्वीराज चौहान ना लड़ते तो आज भी भारत विदेशियों का गुलाम होता। फौगाट ने कहा कि देश की आधी आबादी पिछड़ी है, उनके कारण कितने आईएएस, आईपीएस, चिकित्सक, इंजीनियर बने, लेकिन प्रदेश में आजतक एक भी लोस सीट कांग्रेस व भाजपा ने नहीं दी । उन्होंने कहा कि 2024 में कांग्रेस या भाजपा में कोई भी राजपूत समाज को टिकट देगी, जाट भी उसी पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगे।

## एसडीएम के नेतृत्व में चलाया अभियान

# युवाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया

पीएमश्री राजकीय वमावि तथा मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू



**लोहारू।** लोहारू में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए बीईओ विजय प्रभा व प्राचार्य राजीव आर्य।

एसडीएम अमित कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा के मार्गदर्शन में शनिवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोहारू के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित आसपास के गांवों के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत युवाओं को आगामी चुनावों में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

वीप अभियान के तहत खंड के गांवे बिसलवास, बारवास, बड़दु चैना तथा बुढ़ेड़ा के सरकारी विद्यालयों में संबंधित प्राचार्य की अध्यक्षता में चलाए गए इस अभियान के लिए युवाओं को मतदान का महत्व बताया गया। इस दौरान उन्हें आगामी 25 मई को लोकसभा मतदान में बढ़.चढक़र भाग लेने के लिए जागरूक किया गया। स्वीप अभियान के अध्यापकों और नॉन टीचिंग स्टाफ व स्कूली बच्चों ने मतदान के महत्व के बारे में अवगत करवाया। स्कूली बच्चों ने अपने अभिभावकों व आस पड़ोस के सभी नौजवान पुरुष महिलाओं बुजुर्गों रिश्तेदारों को मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान प्रक्रिया में भागीदार बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकसभा आम चुनाव है, इसे त्यौहार की तरह मनाएं। इसलिए हम सबका कर्तव्य और भी अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सभी लोगों को समान रूप से भाग लेना अति आवश्यक है।

### साइकिल रैली से किया जागरूक

स्थानीय मॉडल संस्कृति स्कल में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकाली। जिसे बीईओ विजय प्रभा ने रवाना किया। प्राचार्य राजीव आर्यए कमल शर्माए महेश कुमार आदि ने महिलाओंए बुजुगांरे् और युवाओं से शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने का आह्वान किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने कमल शर्मा विज्ञान अध्यापक के साथ लघु नाटिका व रागनी के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस मौके पर मुकेश धानिया, मौलिक मुख्याध्यापक जगवीर सिंह, नीरज, रचना, रेणु, अनिल कटारिया,सोमबीर शास्त्री, उमेद, राजेश, बबीता, विद्याधर,ईश्वर सिंह सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## विजय संकल्प रैली रचेगी इतिहासः सर्राफ

- रैली की सफलता को लेकर विधायक ने जनसम्पर्क अभियान चलाया और लोगों को रैली में पहुंचने का न्योता भी दिया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** विजय संकल्प रैली को लेकर रणनीति तय करते विधायक घनश्याम सर्राफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि 11 अप्रैल को भिवानी में होने वाली विजय संकल्प रैली में अथाह भीड़ पहुंचकर इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। रैली की सफलता को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाया और लोगों को रैली में पहुंचने का न्यौता भी दिया। लोगों में उक्त रैली के प्रति जबरदस्त उत्साह है। वे आज अपने कार्यालय में रैली को लेकर भिवानी विधानसभा के मंडलों के अध्यक्षों के साथ बातचीत कर रहे थे। साथ ही उन्होंने रैली की व्यवस्था को लेकर मंडल के पदाधिकारियों से बातचीत की। करीब आधे घंटे तक बातचीत के साथ रैली को लेकर रणनीति तय की। उन्होंने बताया कि उक्त रैली में सीएम नायब सैनी बतौर मुख्यअतिथि शामिल होंगे। इस दौरान अन्य मंत्री व विधायक भी उपस्थित रहेंगे। विधायक श्री सर्राफ ने बताया कि भाजपा सरकार की सोंच है कि लाइन के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचे। फिलहाल सरकार की योजनाओं का हर व्यक्ति तक फायदा मिल भी रहा है।

## लोहारू में युवा मोर्चा ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**लोहारू।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी और सह संयोजक सुरेंद्र श्योराण के नेतृत्व में अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीते दिवस भाजपा का स्थापना दिवस मनाया और घर व प्रतिष्ठानों की छतों पर भाजपा का झंडा लगाया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सैनीए सह संयोजक सुरेंद्र श्योराण ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा संगठन की स्थापना हुई। राष्ट्रवादी विचारधारा को बल देने वाले इस संगठन ने केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को बेहतरीन सरकार दी। वहीं पिछले 9 वषांर्े के दौरान प्रदेश में भी भाजपा सरकार ने प्रत्येक वर्ग के कल्याण के द्वार खोले हैं। इस मौके पर मौजूद मनोज झांझड़ा, सुशील, इकबाल मोहम्मद, मनजीत, कुलवीर व सुनील आदि ने दावा किया आगामी लोकसभा चुनावों में एक बार फिर केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

### अनिल बने एसोसिएशन ऑफ गवर्नमेंट फार्मेसी ऑफिसर के महासचिव



**भिवानी।** रोहतक के निजी रेस्तरां में एसोसिएशन ऑफ गवर्नमेंट फामेर्सी ऑफिसर के राज्य स्तरीय सम्मेलन में एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। संगठन का गवर्नमेंट फामेर्सी ऑफिसर के महासचिव पद के लिए झज्जर जिले के अनिल हुड्डा ने अनिल झांवरी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर सर्वसम्मति से उनके नाम के अनुमोदन को स्वीकार कर उन्हें राज्य महासचिव के पद पर चुना गया। नवनियुक्त प्रधान जगदीप जग्गी झज्जर विशेष तौर से उपस्थित रहे। सभी जिलों से आए हुए समस्त जिला प्रधानों, सचिवों व अन्य सभी साथियों ने सर्वसम्मति से राज्य कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के लिए ईश्वर खुराना को चुना।

## शिविर में 200 से अधिक लोगों ने करवाई शुगर व बीपी की जांच



**भिवानी।** नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस लोगों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताने, उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी कड़ी में रविवार को जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी देवेंद्र सोनी व शुभम तायल के निदेश अनुसार हुडा पार्क में निःशुल्क शुगर एवं बीपी जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 200 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। जेसीआई भिवानी स्टार के सचिव जेसी कपिल शर्मा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस लोगों को अपने स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण दिन है, ये दिन लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है, क्योंकि कई बार बीमारियों के प्रति छोटी से नजरअंदाजी भविष्य में बड़ा खतरा बनकर सामने आ सकती है। इस अवसर पैटर्न जेसी गोपाल अग्रवाल, आईपीपी जेसी संदीप मित्तल, प्रधान जेसी भारत गुप्ता, कोषाध्यक्ष जेसी निरंजन बंसल आदि मौजूद रहे।

## खेल लड़कियों के लिए जरूरी

- मुए थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



महम गेट स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में मुए थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा कि वार्षिक बैठक का आयोजन राज्य संघ के प्रदेशाध्यक्ष शशि प्रताप सिंह उर्फ राहुल राणा ने की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में हरियाणा राज्य के सभी जिला के प्रधान एवं सचिव ने भाग लिया और खेल विस्तार पर विचार विर्मश किया। मुए थाई स्पोर्टस एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव सोमवीर वशिष्ठ ने बताया कि बैठक में यह निश्चित किया कि आगामी दूसरी हरियाणा राज्य मुए थाई चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन 4 व 5 मई को जिला अम्बाला मे आयोजित की जाएगी, जिसमें हरियाणा प्रदेश के लगभग 700 लडक़े लड़कियां भाग लेंगे यह भी निश्चित किया गया कि हरियाणा के प्रत्येक जिले मे महिला शेल, अनुशासन समिति, का गठन किया जाएगा। हरियाणा राज्य संघ मे महिला सैल का गठन किया गया जिसमें प्रीती चरखा दादरी ,लक्ष्मी भिवानी, प्रीती अम्बाला को शामिल किया गया है । बैठक को संबोधित करते हुए राज्य संघ के प्रदेशाध्यक्ष शशि प्रताप सिंह उर्फ राहुल राणा ने कहा कि मुए थाई स्पोर्टस मार्शल आर्ट खेल है। जोकि खिलाडिय़ों को अपनी सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाता है। उन्होंने कहा कि यह खेल लड़कियों के लिए बहुत जरूरी है।

## विधानसभा प्रभारी ने दिए कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स



**भिवानी।** बवानी खेड़ा मे ओड धर्मशाला मे रामकिशन फ़ौजी के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्त्ताओ की मीटिंग हुई जिसमे कांग्रेस पार्टी के हिसार लोकसभा के प्रभारी कांति लाल बावरवा व बवानी खेड़ा विद्यानसभा के प्रभारी दिनेश कुमार ने शिरकत की। विधानसभा प्रभारी ने कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित करते हुए प्रतेक कार्यकर्त्ता को अपने अपने बूथ पर पार्टी को मज़बूत करने व मतदाता सूची की जाँच कर फर्जी वोटो को कटवाने का आह्वान किया।

## छात्राओं ने निकाली रैली

- बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने लोगों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा



बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस की छात्राएं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को प्राचार्य जयवीर सिंह सिवाच ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एनएसएस प्रभारी डॉक्टर कविता तवर के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने लोगों को संवेदनशीलता प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली विद्यालय से गुजरती हुई गांव के विभिन्न मागोंर् से गुजरकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए वापिस निर्धारित स्थान पर पहुंची। प्राचार्य जयवीर सिंह व एनएसएस प्रभारी डॉ. कविता तंवर ने उपस्थित जनों को बताया कि हम सभी को चुनावों में मतदान का प्रयोग करके सरकार चुनने में अपनी अहम भूमिका अदा करनी चाहिए। रैली में रोशनी देवी, नंद किशोर, राजेश कुमार, निरंजन, राजपाल, राजेंद्र, रीनु, सरिता, अमरजीत, ज्योति, पुष्पा, राम भतेरी आदि स्टाफ सदस्य विशेष भूमिका अदा की।

## उम्दा सोच के धनी हैं अनिरूद्ध चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम



- पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के नीति सिद्धांतों का बड़ा उदाहरण : अनिरुद्ध

हरियाणा के युवा वर्ग के लिए कई किरदार महत्वपूर्ण है, जिनमें आज बड़ा नाम है पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के इकलोते पोते व राज्य में साफगोई के लिए प्रसिद्ध दमदार नेता रणबीर महेंद्रा के बेटे अनिरूद्ध चौधरी। इस प्रदेश में उम्दा सोच के धनी, राग द्वेष से दूर,अपनापन, आज की राजनीति के मुख्य दुर्गुण कान के कच्चे से दूर,जैसे दमदार व्यक्तित्व अनिरूद्ध भिवानी दादरी जिले की सेवा में सक्रिय हैं। ये ऐसे युवा राजनेता हैं, जिन्होंने चमक-धमक छोड़ भिवानी.दादरी जिले की मिट्टी को सेवा के लिए चुना। किसान के ट्रैक्टर की सवारी को अपनाया। दादा बंसीलाल की राह पर खुद आगे बढ़े और ठाठ-बाट छोड़ हरियाणा की सेवा करने लगे। हुआ यह कि ये उसमें सफल हुए,राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया, ये ऐसे युवा नेता हैं, जिनसे देश का युवा राजनीति के मायने सीखता है। आज समूचे देश का युवा ऐसे युवा तुर्क को अपना रहा है, जिन्होंने युवा वर्ग को नई सोच, नई राह, नए विचार, नए संस्कार की तरफ मोड़ा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में बड़े पदों पर रह कर नई सोच दी। देश के बड़े से बड़े नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, यहां तक विपक्ष के सम्मानीय रहे अटल जी सरीखे दर्जनों बड़े नेता इनके दादा की सोच के कायल रह चुके हैं जो आज इनमें है। राजनीतिक सफर कम है, लेकिन इन्होंने काम 70 साल जैसे कर दिए आज ये उन नेताओं में सरीक हैं जिनकी सुबह लोगों के बीच से शुरू होकर रात लोगों के बीच ही खत्म होती है।

### खून में उबाल खानदानी होता

बुजुर्गों ने कहा भी है,कहते भी हैं कि खून में उबाल खानदानी होता है, खून में शराफत खानदानी होती है।, अनिरूद्ध इसकी बड़ी मिसाल हैं। ये वो शख्स हैं, जिन्होंने प्रदेश में सत्ता के नशे में चूर होकर चली आ रही भाईसाहब सँस्कृति का खात्मा किया। दरअसल,2005 से पहले प्रदेश में ये होता आया था कि सत्ता आते मुख्यमंत्री पिता की आड़ में उनके बेटे भाईसाहब नाम से मशहूर हो जाते,सत्ता का ख़ुमार उनके सिर चढ़ कर बोलता। कमांडो की फ़ौज,लालबत्ती गाड़ियों का काफिला, गाड़ियों के आगे दौड़ती घोड़ा पुलिस,हर किसी को अपमानित करना,मखमल के गलीचों पर कदम न जाने क्या क्या होता था भाईसाहब की दिनचर्या में। गरीब से हाथ मिलाना तो तौहीन में शामिल था,मिलना तो दूर की बात है। चड़ीगढ़ में भाईसाहब की अलग गद्दी होती थी। आज के बदलते युग में जिस सोच को लेकर राहुल गाँधी यात्रा पर हैं वह सोच इस युवा राजनेता में कूट.कूट कर भरी है। नफरत के बाजार से कोसों दूर ये खुद अपने आप में मोहब्बत की एक बड़ी दुकान हैं बुजुर्गों का सम्मान कोई अनिरूद्ध से सीखें, संघर्ष के साथियों को कभी भूलते नहीं।

## अमित वशिष्ठ फाउंडेशन करवा रहा है लीग का आयोजन

# बवानीखेड़ा फाइट्र्स ने बाढ़ड़ा बुल्स को दी मात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** एक बाल पर शॉट लगाते हुए।

गांव रेवाड़ीखेड़ा के ठाकुर आजाद सिंह खेल स्टेडियम में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा रणजी खिलाड़ी स्वण अमित वशिष्ठ की याद में 16 दिवसीय भिवानी प्रीमियर क्रिकेट लीग के 9वें दिन रविवार का पहला मुकाबला बाढड़ा बुल्स और बवानीखेड़ा फाईटर्स तथा दूसरा मैच छोटी कांशी स्टारस और दादरी डेविल्स के बीच हुआ। इस दौरान खिलाडिय़ों में जबरदस्त उत्साह दिखा। मैच का शुभारंभ जीत भारती , तन्वी वशिष्ठ, रमेश कितलाना, योगेश, अनिल शर्मा ने टॉस कर करवाया। मैच की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि भिवानी प्रीमियर क्रिकेट लीग के 9वें दिन का पहला मैच बाढड़ा बुल्स और बवानीखेड़ा फाईटर्स के बीच हुआ। बाढड़ा बुल्स ने टॉस जीतकर बवानीखेड़ा फाईटर्स को बल्लेबाजी का मौका दिया। 156 रन का टारगेट बाढड़ा बुल्स के सामने रखा। सर्वाधिक आशीष ने 60 रन बनाए। बाढड़ा बुल्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 146 रनों पर ऑल आऊट हो गई तथा बवानीखेड़ा फाईटर्स ने 10 रनों से मैच जीत लिया। गेंदबाजी में कप्तान नरेश तंवर ने 2 विकेट, आशीष ने 3 विकेट ली। इस मैच में आशीष मैन ऑफ दि मैच चुने गए। शर्मा ने बताया कि दूसरा मैच छोटी कांशी स्टारस और दादरी डेविल्स के बीच हुआ। छोटी कांशी स्टारस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 152 रन बनाए। सर्वाधिक कप्तान रवि शर्मा ने 37 रन और सुरेंद्र ने 25, विनीत ने 20 रन बना। गेंदबाजी में कप्तान अजय ने 3 विकेट और दीपक शर्मा ने भी 3 विकेट ली। दादरी डेविल्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया। सर्वाधिक दिनेश वर्मा ने 50 रन बनाए अजय ने 15 गेंदों में 4 रन 5 छक्के और 3 चौकों के साथ मनाए और इसी के साथ अजय मैन ऑफ दि मैच रहे। इस अवसर पर कर्मवीर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, टीटू, कृष्ण भारत,छोटू प्रधान, विपिन यादव,निनित, विनय, राहित शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया :योगेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

आज जिस प्रकार से प्रदेश व देश के हालात चल रहे हैं, वो अत्यंत ही कठिन हैं । बीजेपी पूरे देश के लोकतंत्र पर प्रहार कर रही हैए आम आदमी की आवाज को दबाया जा रहा हैए लेकिन कांग्रेस ने हमेशा इसका विरोध किया था और करती रहेगी। आने वाले दिनों में एक बार फिर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सभी दसों सीटों पर लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। यह बात जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेसी नेता योगेश इमलोटा ने कही।

उन्होंने अनेक जगहों पर ग्रामीणों से मुलाकात की, उन्हें पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने विशेष तौर पर युवाओं ये आहवान किया कि अगर देश व प्रदेश में लोकतंत्र को बचाना है तो उन्हें आगे आना होगा। जिस प्रकार से आज देश के हालात चिंताजनक है उसमें धर्म, जाति के जुमलों से उपर उठकर देशहित के लिए काम करना होगा। हरियाणा में हमेशा भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस नीति को अपनाया है समाज व प्रदेश की सेवा निस्वार्थ भाव से की है। योगेश इमलोटा ने कहा कि अगर हम सभी आज आगे आकर इस जन विरोधी बीजेपी को टक्कर नहीं देंगे तो आने वाले दिनों में देश का प्रत्येक सार्वजनिक संसाधन खतरे में है लोकतंत्र को बदलने की बात सरे आम कही जा रही है। तानाशाही का रवैया केंद्र सरकार अपना रही है आम जन देश हित को रखकर ही वोटिंग करे।

## खबर संक्षेप

### नरेश ठुकराल भाविप के नए प्रधान चुने गए

**लोहारू।** भारत विकास परिषद की स्थानीय छत्रपति शिवाजी शाखा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आदर्श प्ले स्कूल परिसर में संपन्न हुई। पर्यवेक्षक अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नरेश ठुकराल को छत्रपति शिवाजी शाखा का प्रधान चुन लिया गया। इससे पहले पूर्व प्रधान सुरेश भारद्वाज, सचिव सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष कर्ण गुप्ता और महिला संयोजिका सविता चौधरी ने संगठन की एक वर्ष की गतिविधियों की जानकारी दी

### पढ़ाई के साथ साथ स्किल भी जरूरी

**भिवानी।** सुई में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा बच्चों को प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में गांव सुई व बलियाली से आए बच्चों को स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि सुई के राजकीय वमा विद्यालय की अध्यापिका नीलम लीखा थी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ स्किल जरूर सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को कंप्यूटर सिलाई व ब्यूटीपार्लर का ज्ञान होना चाहिए।

### रक्तवीरों ने किया 31 यूनिट रक्तदान

**भिवानी।** हमारा परिवार भिवानी की संयुक्त इकाई एवं ब्लड बैंक के तत्वाधान में दिनोद गेट स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ संगठन के प्रांत प्रमुख डॉ. महेंद्र पंवार ने किया। शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को बैज लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रांत प्रमुख डॉ. महेंद्र पंवार ने बताया कि संपूर्ण भारत वर्ष में रक्तदान सेवा अभियान 15 फरवरी से 30 अप्रैल के मध्य में संचालित किया जा रहा है।

### श्रीराम पाठशाला में हवन से नए सत्र की शुरूआत

**भिवानी।** श्रीराम पाठशाला में हवन करके नये सत्र की शुरूआत की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एडवोकेट ने कहा कि ये ट्रस्ट बीते चार दशकों से पिछड़े समाज के बच्चों में शिक्षा का उजियारा फैला रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की मदद के लिए शहर के उदारमना लोग हर समय तैयार रहते हैं, उनका ट्रस्ट भारतीय सभ्यता, सनातन संस्कार और आधुनिक शिक्षा की त्रिवेणी के माध्यम से बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था में 300 के लगभग बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहे है, जिन्हें ट्रस्ट की ओर से पाठय पुस्तकें, कापियां, स्कूल बैग, स्कूल ड्रैस, जूते, जुराबें तथा स्वेटर आदि सभी सामग्री निःशुल्क दी जाती है।

### बैठक में भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह भी पहुंचे

# कार्यकर्ताओं की मेहनत करेगी 400 पार के नारे को पूराः मंत्री

वित्त मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर के साथ लोहारू, बहल व सिवानी के कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा. बूथ स्तर पर मेहनत करें कार्यकर्ता, सोशल मीडिया पर ध्यान दें



**बहल।** बहल में भाजपा कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री जेपी दलाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल/बाढ़ड़ा

प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाते है और उनका लाभ दिलाते हैं। भाजपा के पास पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा संगठन है जिनमें पार्टी के प्रति समर्पण और राष्ट्रवाद की भावना कूट कूट कर भरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनावों में जहां देश में भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी वहीं लोहारू में भाजपा प्रत्याशी को एक लाख से ज्यादा मत मिलेंगे। वे रविवार को लोकसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए विनायक रिसोर्ट में आयोजित बहल मंडल की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह व जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ भी उपस्थित रहे। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से पिछले दस सालों में देश की रक्षा, सुरक्षा, विकास और आधारभूत संरचना में जो बदलाव किया है, वो सबके सामने है। देश का मतदाता यह मान चुका है कि देश का भविष्य पीएम मोदी के हाथ में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को संभाल लें तो ही पार्टी बहुत बड़ी जीत में आ जाएगी। अगर किसी की कोई नाराजगी है तो उसे दूर करने का प्रयास करें। पिछली बार पार्टी को जो मत मिले थे, कोशिश रहे कि इस बार उससे ज्यादा मत मिलें। इसके अलावा मत प्रतिशत को बढाने के लिए ज्यादा वोटिंग करवाएं। भिवानी महेंद्रगढ क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने कहा कि घर घर जाकर कार्यकर्ता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार करें। विपक्ष के पास भाजपा के खिलाफ एक मुद्दा नहीं है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी और सशक्त पार्टी है। इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है और लोकतांत्रिक ढंग से पदाधिकारी की नियुक्ति की जाती है। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, बहल मंडल प्रधान सुनील शर्मा, पूर्व सरपंच रचि महमियां, सरपंच साधूराम पनिहार,पार्षद रविन्द्र मंढ़ोली ने संबोधित किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव,आईटी प्रमुख शिवराज बागड़ी, चेयरमैन विजय फोगाट, विधानसभा संयोजक सुनील सिरसी, मंडल महामंत्री अजय बिधनोई,सुशील केडिया, मुकेश बुढ़ेड़ी, डॉ. विजेन्द्र सुरपुरा, जयसिंह बुसानिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने अपने खर्चे से लगवाए कैमरे

■ शिक्षकों का स्कूल को कैमरे भेंट करना सराहनीयः राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


**तोशाम।** स्कूल को कैमरे भेंट करते प्राइमरी शिक्षक व मौजूद थाना प्रभारी राधेश्याम व अन्य। फोटो : हरिभूमि

स्कूल के मुख्य द्वार पर कैमरे की व्यवस्था होने से स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, उक्त शब्द राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोढा के स्कूल के आगे लगाए गए कैमरों का उद्घाटन के दौरान बहल थाना प्रभारी राधेश्याम ने कहे। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए छात्रों के हित के लिए व सामाजिक सेवा का सहयोग देकर अच्छा प्रदर्शन करना स्टाफ सदस्यों का ये कार्य प्रेरणा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वैसे तो पूरे गांव में कैमरे होने आवश्यक है, इसकी पहली शुरूआत गांव के प्राथमिक स्कूल के सामने प्राइमरी अध्यापकों के अपने निजी कोष से स्कूल के सामने कैमरे लगाकर की हैं, वह समाज के लिए एक बेहतर कार्य है। थाना प्रभारी ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के प्रभारी संजय बुशान ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान होने के नाते सराहनीय कार्य की शुरूआत की है। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर अध्यापक समीद्र सिंह, सरपंच रामपाल, पूर्व सरपंच रघुवीर सिंह, कतवार के सरपंच जगमाल सिंह, विनोद ढाका आदि मौजूद रहे।



## मेट मजदूरों ने राज्यमंत्री वाल्मीकि से लगाई मांगें पूरी करने की गुहार

**भिवानी।** मेट मजदूरों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को बीआर आंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति के पदाधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बिशंबर वाल्मीकि से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में मिले तथा उनके समक्ष मेट मजदूरों की विभिन्न मांगों को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई। समिति के अध्यक्ष दयाकिशन ने बताया कि उन्होंने राज्य मंत्री बिशंबर वाल्मीकि के समक्ष मनरेगा मेट व मजदूरों को श्रम बोर्ड से मिलने वाले लाभों में शामिल करने, पंचायत, ब्लॉक समिति व जिला परिषद द्वारा करवाने वाले कार्यो को मनरेगा मजदूरों द्वारा करवाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में मनरेगा मजदूर नहीं है, वहां काम का अधिकार बीआर आंबेडकर मेट मजदूर समिति को दिए जाने, डी प्लान के कार्य समिति के माध्यम से करवाए जाने, मनरेगा मजदूरों को 100 की बजाय 200 दिन का रोजगार देने की मांग की ।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

**चरखी दादरी।** गांव बिलावल में स्वीप टीम जागरूक करते हुए कि मतदान सबका अधिकार है। मतदान कर देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। स्वीप टीम सदस्य मास्टर सुंदरपाल, हरपाल आर्य, रविंद्र जाखड़ ने कहा कि आने वाली 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव है। यह चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। जिसके हम अपने मनपंसद उम्मीद्वार को लोकसभा में बतौर सांसद भेजते हैं। संविधान ने प्रत्येक आम आदमी को वोट से इतनी शक्ति प्रदान की है कि उसका प्रत्येक वोट देश के नीति निर्धारण में महती भूमिका अदा करता है। इसलिए अपने मनपंसद उम्मीद्वार को चुनते समय वोट की शक्ति उसे देकर हमे इस लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व को पूरी तरह से सफल बनाना है।

### शिविर में 71 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

**भिवानी।** लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा भिवानी द्वारा प्रत्येक रविवार को शाखा परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत डाबर कालोनी स्थित शाखा परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। संस्था के सदस्य रामकिशन, रोहताश कुमार, आनंद प्रकाश आदि ने बताया कि शिविर में मनत अस्पताल के चिकित्सकों ने अस्पताल की निदेशक डॉ. सुनीता दुहन की देखरेख में फार्मासिस्ट सुखविंदर सिंह व चिकित्सकों की टीम सदस्यों के साथ मिलकर सेवाएं देते हुए 71 लोगों का स्वास्थ्य जांचा।



### पूर्व निदेशक ने किया अनाजमंडी का दौरा

**बवानीखेड़ा।** रविवार को हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व निदेशक एडवोकेट राजेश सिंधु ने कस्बा में स्थित मंडी का दौरा कर निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सरसों की खरीद कर रहे आढतियों तथा काम करने वाले मजदूरों से बातचीत कर मंडी में आने वाली किसानो, मजदूरो तथा आढतियों की समस्या बारे जानकारी ली। जिस पर उन्हे आढतियों को गेट पास व बारदाना की समस्या तथा मजदूरों को स्वच्छ साफ सामान्य जल मुहईया नही होने की समस्या पाई गई । जिस पर मार्केट कमेटी सचिव संजय समोता व अन्य स्टाफ से रूबरू हो उन्हे मण्डी में पनपी समस्याओं से अवगत करवाया । जिस पर उन्हे तुरंत समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया । सिंधू ने यहा काम कर रहे मजदूर राजू ,सिकन्दर, गोबिंद ,परमबीर , रूपेश आदि से फोन नम्बर शेयर कर कहा कि उन्हे तकलीफ हो तो उन्हे बात कर सकते है वह उनकी तकलीफ के लिए रात्री को भी उपस्थित हो जायेगे ।

## तिगड़ाना में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

■ प्रतियोगिता में छठी से बारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** आयोजित परीक्षा में परीक्षा देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा एकता समिति तिगड़ाना द्वारा संत रविदास भवन के प्रांगण मे प्रतीभा खोज लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छठी से बारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया।

लिखित परीक्षा के लिए कक्षा छठी से आठवीं, नौवीं व दसमी तथा ग्यारवीं व बारहवीं के तीन ग्रुप बनाकर अलग अलग परिक्षा ली गई। प्रतियोगिता का संचालन प्रधान सतबीर दहिया, प्रोफेसर धर्मेंद्र,जय सिंह डी पी व मास्टर अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस परिक्षा में गांव व आस पास के सरकारी व निजी स्कूलों के छात्रौ ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा एकता समिति तिगड़ाना के पदाधिकारी कर्मवीर दहिया, मंगेज पंच, डॉ रोहित, रविंद्र हवलदार, दीपक दहिया, सुरेन्द्र फोटो ग्राफर,मा दलबीर वैद, अंकित सभ्रवाल,डॉ. अक्षय वैद, राजेन्द्र एडवोकेट, मनजीत सिंह, सुन्दर नाफरिया,राज सिंह, मुकेश दहिया, अनिल कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गुरु रविदास समाज सेवा समिति तिगड़ाना के प्रधान राजेंद्र सिंह थानेदार,उप प्रधान साधू राम, महासचिव सुरेश हाण्डा, तारा चंद महाराज व सचिव बनारसी दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना पिता की बेटी की शादी में मदद को युवाओं ने बनाया व्हाट्सएप ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

रविवार को गांव अलखपुरा में बिना पिता की गरीब लड़की की शादी में युवाओं ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाते हुए अन्य साथियों से कन्यादान के रूप में सहायता लेकर गरीब कन्या की शादी में करीबन 89000 रुपये की मदद की। उल्लेखनीय है कि गांव अलखपुरा की बेटी जिसके सिर पर पिता का साया नहीं था और रविवार को उसकी शादी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर देखते हुए कुछ युवाओं ने मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए तथा भाईचारा कन्यादान ग्रुप नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर अन्य साथियों से गरीब बेटी की शादी में कन्यादान के रूप में मदद करने की अपील की। देखते ही देखते सहयोग इतना मिला कि युवाओं ने 89000 रुपये कन्यादान के रूप में एकत्रित कर डाले। रविवार को गांव के सरपंच सहित अन्य युवा उस गरीब बेटी के घर पहुंचे तथा शादी के लिए एकत्रित 89000 रुपये की सहायता राशि गरीब बेटी के परिजनों को सौंपी, जिससे शादी में आर्थिक तंगी झेल रहे उस गरीब बेटी के परिवार में खुशियां छा गई।

## सेवानिवृत्त सैनिक को किया सम्मानित

■ निःस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा करने वालों का सम्मान जरूरीः सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** सेवानिवृत सैनिक रणधीर को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के उपलक्ष्य में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा समाज की प्रतिभाओं, होनहार एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सीमा सुरक्षा बल में 38 वर्षो की सेवा उपरांत सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए दिनोद रोड निवासी रणधीर सिंह के सम्मान में रविवार को जनस्वास्थ्य कैंपस में समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर रणधीर सिंह को महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्रीबाई फूले का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने कहा कि हिसार जिले के गांव पंघाल व वर्तमान में दिनोद रोड निवासी रणधीर ने 38 वर्षो तक सीमा सुरक्षा बल में सेवाएं दी तथा बीते 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए थे। रणधीर सिंह जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत जेई बिजेश कुमार जावला के बहनोई हैं। जेई जावला ने बताया कि रणधीर वर्ष 1995 से भिवानी रह रहे है, वे जुझारू व मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति है, यही कारण है कि उनकी देशभक्ति की भावना और जोश जुनून को देखते हुए पूरी सर्विस के दौरान वे अग्रणीय मोर्चे पर तैनात रहे। इस मौके पर पार्षद विनोद प्रजापाति, अजीत, महेश, दयानंद वर्मा, सुखबीर वर्मा, योगिंद्र, धर्मवीर, शिवकांत, विक्रांत, रामनिवास जालधंरा, राजा जालंधरा आदि मौजूद रहे।

## कच्चे कर्मियों का सरकार कर रही है शोषणः जटासरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश सरकार के विभागों में लगभग एक लाख 70 हजार कच्चा कर्मचारी वर्षों से ही काम कर रहा है। दिन.रात काम करने वाले इन कच्चे कर्मियों को 20.25 साल नौकरी उपरांत भी अभी तक पक्का नहीं किया गया है। पक्का करना तो दूर रहाए उल्टा इन कर्मियों पर ना ही कोई वेतन में बढ़ोत्तरी, ना ही महंगाई भत्ता, ना कोई सामाजिक सुरक्षा की गारंटी तथा ना ही कोई समान काम.समान वेतन लागू किया गया। सालों से इंतजार कर रहे कर्मचारी सरकार से उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन सरकार को नौकरी पक्का करना तो दूर उल्टा एचकेआरएम लागू कर ठेके पर भर्तियां कर रही है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी की ओर से प्रधान सूरजभान जटासरा, सचिव सहदेव रंगा,उपाध्यक्ष धर्मबीर भाटी ने बताया कि गत 10 वषारे् से सभी महकमों के कच्चे.पक्के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत्त है। लेकिन सरकार ने किसी की भी कोई सुनवाई नहीं की। उल्टा निहत्थे प्रदर्शनकारी किसान, मजदूर, कर्मचारी, महिला छात्रों पर आसू गैस के गोले, लाठीचार्ज व मुकदमें दर्ज कर आवाज को दबाया गया। लेकिन अब देश में लोकसभा के चुनाव है तथा 6 माह बाद प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने भी निश्चित है। इस समय सभी विभागों में काम करने वाले कच्चे.पक्के कर्मचारियों की संख्या लगभग साढ़े 4 लाख है। कर्मचारी अपने मांग.मुद्दों को मनवाने के लिए धरने, प्रदर्शन, रैलियां व हड़ताल करने को मजबूर हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम के साथ मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

# थीम के तहत दी मंदबुद्धि दिव्यांग बच्चे को दो माह की दवा और मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** जरूरतमंद को दवाई वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को समर्पित सामाजिक संस्था नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ एक जरूरतमंद परिवार से मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है थीम के साथ शुरू किया गया।

इस जरूरतमंद परिवार में जो गुजर बसर का साया था वो एक सड़क हादसे का शिकार हो गया थाएउसके बाद इस परिवार पर को बीत रही है वह यह पीड़ित परिवार ही जानता है कि यह महिला अपने मंदबुद्धि बच्चों का गुजर बसर कैसे करती है,जब हमे इस पीड़ित परिवार के बारे में पता चला कि एक विधवा महिला अपने पति के निधन के बाद अपने बच्चों का पालन पोषण कैसे कर रही,वह अपने मंद बुद्धि बच्चे का स्वास्थ्य सही कैसे रखे,उसके घर में जो कमाने वाला कमल था वह तो मंद बुद्धि बेटे की दवा लेने के लिए दवाई की दुकान पर जा रहा था,अचानक सड़क पर तेज गति से आ रहे ट्रक ने कमल को कुचल दिया और उनका निधन हो गया।

अब विधवा पेंशन के सहारे ही यह पीड़ित महिला बेटे के स्वास्थ्य और घर का गुजर बसर देख रही थी,बेटे की दिवयंग पेंशन भी विभाग ने नही बनाई है। इन दिनों दिव्यांग बेटा जो न बोल सकता हैं न चल सकता है और न हाथों से खा सकता है,कभी दौरे आजाते हैं तो कभी और बीमारी घेर लेती है।जिससे यह परिवार टूट गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज सामाजिक संस्था नेता जी सुभाष चन्द्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने दिव्यांग बंद बुद्धि बच्चे की दवा और पीड़ित परिवार के गुजर बसर के लिए आर्थिक सहायता पहुंचा कर अपील कि है कि हम अपना जन्म दिन मनाते हैं और हजारों रुपये खर्च कर देते हैं यदि इस दौरान कुछ खर्च अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य या उनका चूल्हा जलवाने में खर्च किया जाए तो कितना आनंद आएगा। भारद्वाज ने कहा कि दुनियाभर में हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस यानी वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। यह दिवस वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना दिवस के दिन मनाया जाता है।